ग्यारस व्रत बड़ो फलदाई रामा

ग्यारस व्रत बड़ो फलदाई रामा,
कर लेओ व्रत बढ़ो सुखदाई रामा,
ग्यारस व्रत बड़ों फलदाई राम.......

जिस घर में धर्म नहीं सुख सैयम रामा,
उसे घर कैसे आएंगे मुरारी आवेगे गिरधारी,
आएंगे बनवारी,
ग्यारस व्रत बड़ो सुखदाई रामा......

जिस धर्म में धर्म सुख संयम रामा,
उसे घर नित उठ आएंगे मुरारी आएंगे गिरधारी,
आएंगे बनवारी,
ग्यारस व्रत बड़ो सुखदाई रामा......

मेरे ही अंगना में गंगा बहती है रामा,
नहाने को निस दिन आएंगे मुरारी आएंगे गिरधारी,
आएंगे बनवारी,
ग्यारस व्रत बड़ो सुखदाई रामा......

मेरे ही अंगना में तुलसा का बिडला रामा,
सीचन को निस दिन आएंगे मुरारी आएंगे गिरधारी,
आएंगे बनवारी,
ग्यारस व्रत बड़ो सुखदाई रामा......

मेरे री अंगना में शिव जी का मंदिर रामा,
पूजा करन को आएंगे मुरारी आएगे गिरधारी,
आएंगे बनवारी,
ग्यारस व्रत बड़ो सुखदाई रामा......

मेरे अंगना में राम रसोई रामा,
भोग लगाने को आएंगे मुरारी आएंगे गिरधारी,
आएंगे बनवारी,
ग्यारस व्रत बड़ो सुखदाई रामा......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32347/title/gyaras-vrat-bado-faldayi-rama

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |